हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 18 जून 2024

06 वाहन की टक्कर से महिला सरपंच और उनकी...



07 नपा स्तर पर बुनियादी ढांचे से जुड़ी हर जरूरत को...





## खबर संक्षेप

### चारों विखं में होगा पुस्तक मेले का आयोजन

**नलखेड़ा।** मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आगर मालवा के चारों विकासखंड में 22 से 24 जून तक पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के इच्छुक पुस्तक एवं यूनिफार्म, टाई बेल्ट आदि के विक्रेता संबंधित विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक से संपर्क कर एवं निर्धारित पुस्तकों की सूची प्राप्त कर निर्धारित शुल्क पर पुस्तकों का विक्रय कर सकेंगे। साथ ही विद्यालयों की चयनित यूनिफार्म टाई बेल्ट उचित मूल्य पर विक्रय कर सकेंगे। मेले का आयोजन विकासखंड आगर में शासकीय उत्कृष्ट उमावि आगर मालवा, बड़ौद में शासकीय उत्कृष्ट उमावि बड़ौद, नलखेड़ा में सीएम राइज उमावि नलखेड़ा तथा सुसनेर में शासकीय कन्या उमावि में आयोजित किया जाएगा।

### अमन-शांति भाईचारे की दुआ के साथ मनाया ईद का त्यौहार

**नलखेड़ा।** नगर में ईद का त्यौहार मुस्लिम समाजजनों द्वारा उल्लास के साथ मनाया गया। नगर में चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजनों ने भाग लेकर ईदगाह पर नमाज अता की। देश में अमन-शांति एवं भाईचारे की दुआ मांगी। सोमवार को नगर के मेवाती पुरा मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद से ईद त्यौहार को लेकर मुस्लिम समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया। जिसमें नगर की सभी मस्जिदों के इमाम, शहर काजी के साथ बड़ी संख्या में समाज जन शामिल थे।

### नव विवाहिताओं को राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने दिया दूधो नहाओ, पूतो फलो का आशीर्वाद

# गंगा-जमुनी तहजीब का साक्षी बना नगर का मंडी प्रांगण, 452 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

### वैदिक मंत्रोचार के बीच 416 हिन्दू जोड़े परिणय बंधन में बंधे, 36 मुस्लिम जोड़ों को कांजी ने कराया निकाह कुबूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

रविवार को नगर के मंडी प्रागंण में मौजूद हजारों लोग गंगा - जमुनी तहजीब के साक्षी बने, जिसमें एक ओर जहां 416 हिन्दू जोड़े वैदिक मंत्रोचार के बीच परिणय बंधन में बंध रहे थे, वहीं दूसरी ओर 36 मुस्लिम जोड़े अपनी परंपराओं के अनुसार निकाह कुबूल कर रहे थे। मौका था मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह -निकाह कार्यक्रम का। जिसमें 452 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर अपने दामपंत्य जीवन की शुरूआत की। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नव दंमपत्तियों को उनके सफल और खुशहाल जीवन की मंगल कामनाएं करते हुए आशीर्वाद दिया।

#### रविवार को नगर के मंडी प्रागंण में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह

निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 452 जोड़ों का विवाह व निकाह कराया गया।

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वर और वधू पक्ष के लोगों का सुबह से ही विवाह स्थल पर आना शुरू हो गया था। विवाह के लिएं इछावर तहसील क्षेत्र सहित आसपास तहसील व जिलें से करीब 603 जोड़ों ने आवेदन जमा कराएं थे। लेकिन इनमें से करीब 150 आवेदन विभिन्न कमियों के चलते रिजक्ट हो गएं थे। जिसकी सूचना प्रशासन द्वारा संबधित आवेदकों को फोन कर दें दी गई थी। ऐसे में 4-5 जोड़ों को छोड़कर बाकि जोड़े सम्मेलन में शामिल नहीं हुए।



**इछावर।** नव विवाहित जोड़ों को पुष्प गुछ भेंट कर बधाई देते हुए राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा




**इछावर।** सामूहिक सम्मेलन में उपस्थित राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा कलेक्टर प्रवीण सिंह सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्तित रहे।



**मंत्री ने नवविवाहिताओं को दिया दूधो नहाओ, पूतो फलो का आशीर्वाद :** सामूहिक विवाह -निकाह कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक व राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होने नव विवाहिताओं को उनके दामपंत्य जीवन की सफलता और खुशहाली की मंगल कामनाएं करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर राजस्व मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की कोई बेटी - बेटा धन के अभाव में विवाह से वंचित नहीं रहेगा। विवाह से लेकर शिक्षा , स्वास्थ्य , अनाज , मकान आदि सभी बुनियादी सुविधाएं प्रदेश के मुख्यमंत्री डांक्टर मोहन यादव और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होने आगे कहा कि भाजपा सरकार समाज के प्रत्येक व्यक्ति का विकास चाहती है। ऐसे में हमारी भी जिम्मैदारी बनती है कि हम ऐसी सरकार चुने जो हमारी सेवा करती हों। श्री वर्मा ने कहा कि मोहन यादव सरकार में मुख्यमंत्री ने मुझे जैसे ही रेवेन्यू विभाग की जिम्मैदारी सौंपी वैसे ही हमने नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, नक्सा दुरूष्तीकरण आदि के करीब 30 लाख पेंडिंग प्रकरण निपटायें । यह सभी कार्य अब निशुल्क होंगें आप अपने कार्य मुझे बताईऐं इनकों करना अब मेरी जिम्मैदारी है।

#### कार्यक्रम में यह हुए शामिल

कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश सुराना, मंडल अध्यक्ष पप्पू नागर , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र सिसोदिया , जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र मेवाड़ा , जपपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश वर्मा , नपं अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा , जपं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर जयसवाल ,कलेक्टर प्रवीणसिंह , जिला पंचायत सीईओ आशीस तिवारी , एसडीएम जमील खान , जपं सीईओ शिवानी मिश्रा , थाना प्रभारी कमलेश चौहान , रेंजर नवनीत झा आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

#### 49 हजार रुपए का चेक दिया

कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष रेखा जगदीश पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा, कलेक्टर प्रवीण सिंह, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, एसडीएम जमील खान, जनपद पंचयात सीईओ शिवानी मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मेवाड़ा, कैलाश सुराना, शंकर पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 49 हजार रूपए राशि के चेक प्रदान किए।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन पुरस्कार वितरण व लखुंदर नदी की आरती के साथ हुआ, सामूहिक संकल्प कार्यक्रम आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर परिषद कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर सामूहिक संकल्प लेकर एवं लखुंदर नदी की आरती कर जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया गया। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर सामूहिक संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों एवं नगर परिषद के जनप्रतिनिधिगणों एवं नागरिकों के साथ ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर एक साथ संकल्प लिया गया।

स्थानीय नगर परिषद के सभाकक्ष में ऑनलाइन वर्चुअल कार्यक्रम में जनप्रतिधियों के साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, समस्त पार्षदगण, निकाय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। रविवार को कार्यक्रम में 5 से 16 जून तक की गई समस्त प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण किए गए। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तनीषा चौहान, द्वितीय स्थान पर जाग्रति तेजरा, तृतीय स्थान पर भाविका सिंह राठौर व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भव्या सोनगरा, द्वितीय स्थान पर तनिष बागरी, तृतीय स्थान पर चहल जैन रही। जनप्रतिनिधियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार व वितरण कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अभियान के समापन पर की बाणगंगा नदी की आरती

जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन एवं गंगा दशमी के पर्व पर तहसील के ग्राम धान्याखेड़ी में बाणगंगा नदी की आरती की गई। रविवार देर शाम ग्राम धान्याखेड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन व गंगा दशमी पर पर बाणगंगा नदी के घाट पर मां गंगा की पूजा अर्चना के बाद आरती की गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दरबारसिंह, ग्राम पंचायत सचिव, सहायक सचिव व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना थाना कोतवाली पहुंचे, निरीक्षण किया

### रात भर चला नाइट कॉबिंग ऑपरेशन, 47 गिरफ्तारी, 65 स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**सीहोर।** पुलिस ने एक बार फिर नाइट कॉबिंग ऑपरेशन शुरू किया। जिसमें 47 गिरफ्तारी, 65 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए। जिनमें 3 इनामी बदमाश, 4 अन्य अपराधों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और 14 जिला बदर अपराधियों को चेक किया गया।

जानकारी के अनुसार मध्य रात्रि में जिले में वारंटियों तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नाइट कॉम्बिग ऑपरेशन चलाया गया। कॉम्बिग ऑपरेशन के दौरान पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना द्वारा रात्रि में थाना कोतवाली पहुंचकर निरीक्षण किया एवं नए कानून के संबध में चर्चा की। इस अवसर पर अभय सिंह, पुलिस महानिरीक्षक देहात भोपाल जोन, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग उपस्थित रहे।

बताया गया है कि इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देशन में जिले में नाइट कॉबिंग ऑपरेशन चलाया गया। जिसमें जिले में अनुभाग के सभी अनुभाग प्रभारी ने अपने-अपने अनुभाग के थाना क्षेत्रों में उपस्थित रहकर कॉम्बिग नाइट ऑपरेशन चलवाया गया। जिसमें सभी थानों के थाना प्रभारीगण के अतिरिक्त जिले के थानों में पदस्थ 223 अधिकारी, कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें 47 गिरफ्तारी वारंटी, 65 स्थाई वारंटी, 3 इनामी बदमाश तथा 4 अन्य अपराधों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया। 14 जिला बदर अपराधियों को भी चेक किया गया। थाना कोतवाली सीहोर ने 5 गिरफ्तारी वारंटी, 12 स्थाई वारंटी, थाना मण्डी ने 1 गिरफ्तारी, 2 स्थाई वारंटी, 2 इनामी बदमाश, दोराहा ने 1 गिरफ्तारी वारंटी, 2 स्थाई वारंटी, थाना अहमदपुर ने 3 स्थाई वारंटी, थाना श्यामपुर 3 गिरफ्तारी, 2 स्थाई वारंटी, थाना बिलकिसगंज ने 1 गिरफ्तारी, 5 स्थाई वारंटी, थाना इछावर 3 गिरफ्तारी, 9 स्थाई वारंटी तथा 01 अन्य अपराध में फरार, थाना आष्टा ने 10 गिरफतारी, 2 स्थाई वारंटी तथा 3 अन्य अपराधों में फरार अपराधी, थाना जावर ने 4 गिरफ्तारी, 1 स्थाई वारंटी, थाना सिद्धिकगंज ने 2 गिरफ्तारी, 3 स्थाई वारंटी, थाना पार्वती ने 2 गिरफ्तारी वारंटी, थाना रेहटी ने 6 गिरफ्तारी, 4 स्थाई वारंटी, थाना बुदनी ने 1 गिरफ्तारी 5 स्थाई वारंटी, थाना शाहगंज ने 5 गिरफ्तारी वारंटी, थाना भैरूंदा ने 2 गिरफ्तारी , 12 स्थाई वारंटी तथा 1 इनामी बदमाश, थाना गोपालपुर ने 1 गिरफ्तारी, 3 स्थाई वारंटी को पकड़ा।



### 64 आराधकों द्वारा की गई आयंबिल तपस्या, जीवों की आत्मा शांति की कामना की

# करुणा दिवस पर जैन समाज में जीवदया के निमित्त आराधकों ने सामूहिक आयंबिल किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

देशभर सहित नलखेड़ा नगर में भी जैन समाजजनों द्वारा मूक पशुओं की रक्षा तथा आत्मशांति की प्रार्थना करते हुए करुणा दिवस जीव दया दिवस के रूप में मनाया गया। नगर में जैन श्वेतांबर समाज द्वारा इस दिन सामूहिक आयंबिल तप का आयोजन किया गया, जिसमें 64 आराधकों द्वारा भाग लेकर सभी जीवों की आत्मा शांति की मंगल कामना की। करुणा दिवस पर स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में जीव दया के निमित्त सोमवार को 64 आराधको द्वारा सामूहिक आयंबिल की तपस्या की गई। समाज की महिलाएं, बच्चों, श्रावक भाइयों द्वारा जीवदया में पुण्यभागी बन तपस्या एवं विभिन्न धर्म आराधना भी की गई। सभी आराधको द्वारा नवकार जाप के साथ निहिर पशुओं के लिए प्रार्थना भी की गई।





जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र सकलेचा एवं सचिव रवि सकलेचा ने बताया कि करुणा दिवस पर अबोल पशुओं के प्रति दया व करुणा के भाव रखते हुए सामूहिक आयंबिल का कार्यक्रम जैन धर्मशाला में हुआ, आराधको द्वारा आयंबिल किए गए। नवरत्न परिवार के राहुल कांठेड़ ने बताया कि सभी आराधकों को श्री संघ एवं लाभार्थी परिवारों की ओर से प्रभावना की गई। आराधकों के साथ समाजजनों द्वारा इस दिन अपने घरों व मंदिर में नवकार महामंत्र का जाप कर सफेद वस्तुओं का त्याग रख जीवों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की गई। आयंबिल तप के आराधकों के साथ समाजजनों द्वारा भी इस दिन छहों विगय दूध, दही, घी, तेल, गुड, शक्कर में से यथा शक्ति विगय का त्याग किया गया।

### यज्ञ कर मनाई गायत्री जयंती



**नलखेड़ा।** गायत्री जयंती पर ग्राम गुदरावन स्थित गायत्री मंदिर पर यज्ञ किया गया। गायत्री परिवार द्वारा रविवार को तहसील के ग्राम गुदरावन में स्थित गायत्री मंदिर पर यज्ञ कर गायत्री जयंती, गंगा दशमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गायत्री परिवारजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### माँ चामुंडा प्रकटोत्सव 20 होगा से प्रारंभ

**देवास।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 20 जून से माँ चामुण्डा प्रकटोत्सव प्रारंभ होगा। यज्ञ समिति के अशोकनाथ पुजारी ने बताया कि ध्वज स्थापना, हेमाद्री स्नान, मण्डल प्रवेश, मण्डल देवता की प्रतिष्ठा के साथ चण्डी महायज्ञ वैदिक परम्परानुसार महायज्ञ प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। यह यज्ञ विगत 23 वर्षो से निरंतर होता आ रहा है। इस वर्ष यज्ञ का 24 वां वर्ष है। चंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति 26 जून को अभिजीत मुहूर्त में होगी तथा परिक्रमा मार्ग पर कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं नाथ सम्प्रदाय के पुजारी परिवार एवं भक्त मंडल व जन सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शतचंडी यज्ञ पं. सुभाष शर्मा रावल ग्राम कवड़ी वाले के आचार्यत्व में संपन्न होगा। मुकेश पुजारी, महेश पुजारी, संदीप पुजारी, विनय पुजारी,सुरेश पुजारी, अभिमन्यु पुजारी, संतोष पुजारी, संतोष पुजारी, रितेश पुजारी, कालु पुजारी आदि ने माँ चामुण्डा के भक्तों से इस महायज्ञ में उपस्थित होने की अपील की।

### ईद पर मस्जिदों में हुई विशेष नमाज

**देवास।** सोमवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर मस्जिदों में उत्साह के साथ नमाज अदा की गई। देवास की सीनियर व जूनियर दोनों मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद समाज के लोगों ने एक दूसरे को गले लगकर मुबारकबाद दी हैं। सुबह से आसमान में बादल छाए हुए थे और मौसम खुशनुमा था। यह मौसम भी त्योहार की खुशियों को बढ़ा रहा था। पर्व को लेकर छोटे बच्चें काफी उत्साहित थे। उल्लेखनीय है कि यह त्योहार त्याग, समर्पण व बलिदान और आपसी भाईचारे का पैगाम देता है। सुबह से शहर के मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों में ईद का जबरदस्त माहौल है। मुस्लिम परिवार के लोगों ने नमाज के बाद अमन चैन व शांति की दुआएं मांगी। पर्व को लेकर आज दिनभर मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी रहेगा। बताया जाता है कि यह पर्व मुस्लिम समाज के लोग दो दिनों तक मनाते हैं।

दो अलग अलग हादसों में एक महिला गम्भीर घायल, वही एक युवक कि मौत

# वाहन की टक्कर से महिला सरपंच और उनकी बहन घायल, शिप्रा में मिला शव

हादसे के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वही दूसरी घटना में युवक का शव नदी से निकालकर पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।जहां मृतक के शव का पीएम हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



सोमवार को कालू खेड़ी चौराहे पर दो महिलाओं को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। एक की हालत गंभीर होने के चलते उसे रेफर किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शकुंतला पिता गोकुल पवार गायत्री पिता गोकुल पवार निवासी अमलावती दोनों अपने घर से कंचनपुर महादेव मंदिर गई हुई थी। मंदिर से लौट रही थी इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कालूखेड़ी चौराहे पर टक्कर मार दी। जिसमें दोनों को चोट आई है दोनों को जिला अस्पताल लाया गया।गायत्री की गंभीर हालत होने के कारण उसे इंदौर रेफर किया गया है। परिजनों ने बताया कि शकुंतला पवार ग्राम पंचायत निपानिया की सरपंच हैं। जो अपनी बहन गायत्री के



साथ सोमवार को महादेव मंदिर कंचनपुर गई हुई थी, वहां से लौटते समय हादसा हो गया।दरअसल सोमवार को महिला सरपंच उसकी बहन के साथ मंदिर से घर की ओर एक्टिवा से लौट रही थी, उसी दौरान कालूखेड़ी के समीप अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों



घायल हो गई। दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां सरपंच की गंभीर हालते के चलते उसे इंदौर रेफर कर दिया। एक घायल का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है। सरपंच शकुंतला पिता गोकुल पवार उम्र 26 वर्ष व गायत्री पिता गोकुल पवार निवासी ग्राम अमलावती दोनों अपने घर से कंचनपुर महादेव मंदिर गई हुई थी। मंदिर से लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कालूखेड़ी चौराहे पर टक्कर मार दी। जिसमें दोनों को चोट आई। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां शकुंतला का प्राथमिक उपचार कर उसे इंदौर रेफर कर दिया गया। वहीं उनकी बहन गायत्री का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है।नदी में मिला युवक का तैरता शवशिप्रा नदी में सोमवार को एक युवक का शव तैरता हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय तैराकों की मदद से शव नदी से निकालकर पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।जहां मृतक के शव का पीएम हुआ। उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।मृतक की शिनाख्त राहुल पिता रमेश झाला उम्र 25 निवासी नौसराबाद कॉलोनी के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक अपने घर से शनिवार शाम से लापता था। रविवार शाम को परिजनों ने सिविल लाईन थाने पर गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। मामले में औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## सूने मकान में लगी आग सामान जलकर हुआ खाक

**परिवार रिश्तेदार के यहां गया था हाटपिपल्या**



**देवास।** आगजनी में घर में रखी सभी सामग्री जल कर खाक हो गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

सोमवार दोपहर को श्याम नगर में स्थित एक सूने मकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आगजनी में घर में रखी सभी सामग्री जल कर खाक हो गई। जानकारी अनुसार निसार पिता अब्दुल मंसूरी का मकान श्याम नगर में स्थित है । सोमवार दोपहर को वह घर के सदस्यों के साथ घर पर ताला लगाकर हाटपिपल्या अपने रिश्तेदार के यहां गया था।

इस दौरान घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई,जब तक आग पर काबू पाते ,तब तक घर के अंदर रखी सभी सामग्री जल कर खाक हो गई। घर में से जब धुआं उठता दिखाई दिया तो पड़ोसियों द्वारा इसकी सूचना निसार को दी गई। सूचना मिलने पर निसार घर पहुंचा। वहीं सूचना मिलने पर डायल 100 चापड़ा भी मौके पर पहुंची। निसार मंसूरी ने बताया कि अनुसार आग बिजली के तारों में शार्ट सर्किट से लगी होगी। आगजनी में घर के कूलर ,फ्रिज, पंखा बिस्तर सहित गृहस्थी की सभी सामग्री जलकर खाक हो गई, जिसकी शिकायत पुलिस चौकी में दर्ज कराई गई। हालांकि आगजनी में कितना नुक्सान हुआ है उस का आकलन नहीं हो पाया है। आग पर काबू पाने के लिए पड़ोसियों ने पास में लगे ट्यूबवेल पंप चालू कर पाईप से पानी डालकर आग बुझाई। गनीमत यह भी रही की अंदर गैस सिलेंडर भी था, वह आग की चपेट में नही आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। निसार किराना दुकानों पर किराना का सामान पहुँचाने का काम करता है। घर में रखा किराने का सामान भी आग की चपेट में आने से जलकर खाक हो गया।

## मोखाप्पिल्या में काली सिंध नदी के पास वाहनों की भिड़ंत में एक पलटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापडा

ग्राम मोखाप्पिल्या में काली सिंध नदी के समीप सोमवार को दो वाहनो में आमने-सामने भिड़ंत हो गई।इस दौरान एक ट्रक पलटी खा गया। जानकारी अनुसार पुल पार करने के दौरान हादसा हुआ। दोनों वाहनो में भिड़ंत इतनी तेज हुई कि एक ट्रक घटना स्थल पर ही पलटी खा गया। सूचना मिलने पर डायल हंड्रेड मौके पर पहुंची, ओर क्षतिग्रस्त ट्रक को अलग कर मार्ग पर आवागमन सुचारू रूप से शुरू किया। हालांकि हादसे में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।

### जिले में दो आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत हुई कार्रवाई

**देवास।** कलेक्टर एने अपराधी गतिविधियों में शामिल दो आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है, जिसमें आरोपी धरम हाड़ा पिता मनोहर हाड़ा उम्र 25 साल निवासी पीपलरावां और आरोपी सोहन पिता मनोज उम्र 20 साल निवासी पीपलरावां को आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण लोक व्यवस्था के अनुरक्षण के प्रतिकूल किसी भी रीति से कार्य करने से रोकने के अभिप्राय से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम ,1980 की धारा 3 की उप धारा ( 2 ) में प्रदत्त शक्तियों अन्तर्गत दोनो आरोपियों के विरुद्ध निरुद्ध आदेश जारी किया है । दोनो आरोपियों को तीन-तीन माह तक की अवधि के लिए निरुद्ध कर केन्द्रीय जेल भेरूगढ़ उज्जैन में रखा जाएगा ।

### भीषण गर्मी के बाद हुई तेज बारिश



**चापडा।** सोमवार के दिन भीषण गर्मी के बाद शाम 6 बजे चापडा सहित आसपास के क्षेत्र में तेज हवा एवं आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट के साथ लगभग 40 मिनिट तक बारिश हुई। बता दे की क्षेत्र में कुछ चुनिंदा किसानों ने सोयाबीन की बोवनी कर दी है, जिन्हें बारिश का इंतजार था। लेकिन अभी भी बड़ी मात्रा मे बोवनी का कार्य शेष है, क्योंकि चापड़ा, अमरपुरा, गुनेरा, गुनेरी सहित आसपास कम बारिश होने के कारण किसानों ने सोयाबीन की बोवनी नहीं की है। बारिश के दौरान कई बार आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी मिली, लेकिन खबर लिखे जाने तक किसी भी प्रकार की हादसे की कोई सूचना नही थी।

## ओडिशा में हुई राष्ट्रीय सीनियर पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते 3 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




किट यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ओडिशा में 10 से 13 जून 2024 तक 12वीं सीनियर पेंचक सिलाट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मप्र के 27 खिलाड़ी ने भाग लेकर 3 स्वर्ण, 3 रजत व 3 कांस्य पदक जीते। पेंचक सिलाट एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष अबरार एहमद शेख ने बताया की मप्र के विभिन्न जिलों के 31 खिलाड़ी का चयन किया गया, जिसमे 27 खिलाड़ी ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। खिलाडियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल एवं देवास खेल एवम युवा कल्याण विभाग द्वारा पदक प्राप्त करने पर सभी को बधाई दी।खिलाड़ियों में दिशा रेड्डी सोलो इवेंट्स में स्वर्ण पदक, लक्ष्मी मालवीय देवास और महेंद्र स्वामी इंदौर ने टैंडिंग फाइट में स्वर्ण पदक, हिमांशु शर्मा, निहारिका राजपुरोहित भोपाल ने रजत पदक फाइट में, भूमिका जैन ने टुंगल में रजत पदक, प्रांजल बुडानिया, हर्ष जयसवाल ने गांडा इवेंट्स में कांस्य पदक और फाइट में हिमांशी जाट इंदौर, अजय कैला रीवा ने कांस्य पदक जीता, जागृति योगी, ऋषभ जायसवाल, धैर्य पांडे, देवास, आसिफ अली, आशू कुमार, शोभित आडवाणी, रितिका कुशवाहा, चिंतामणि विश्वकर्मा, सोनाली मौर्य, रीना गुर्जर भोपाल, तुलसी बैरागी मंदसौर, अमित रजक सतना, अनुश्री कुशवाहा, विशाखा कोल, पिंकी कोल, ईशान सराफ जबलपुर, धर्मराज डांगी राजगढ़ अपने अपने वर्ग समूह में अच्छा प्रदर्शन किया। टीम कोच अभय श्रीवास और जैनब खान मैनेजर के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## देवास के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर पवार हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून पर्यावरण दिवस से 16 जून गंगा दशहरा तक मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाया गया, जिसका समापन मीठा तालाब स्थित पंचवटी पर श्री गंगा दशहरा पर आरती एवं चुनरी अर्पण के साथ किया गया, जिसमें शहर की सामाजिक संस्थाओं, सामाजिक व्यक्तियों, एवं अभियान में सहयोग के लिए योगदान देने वाले लोगों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर युवा लेखक-साहित्यकार,स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं में स्वच्छता एवं पर्यावरण पर कार्य कर रहे अमितराव पवार को उनके उत्कृष्ट कार्य व योगदान के लिए महापौर गीता अग्रवाल,महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा ने स्वागत कर प्रशस्ति पत्र से नगर निगम के सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, प्रभारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती की उपस्थिति में सम्मानित किया।इस अवसर पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया, अरुण तोमर, महेश सोनी सर, अरविंद त्रिवेदी, अशोक देशमुख,भूषण पवार आदि लोग उपस्थित थे। उपस्थित सभी ने जल बचाने एवं पौधे लगाने की शपथ भी ली।

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की पत्रिका का विमोचन व स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम सम्पन्न

# सम्मेलन में समाज के वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान






हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की पत्रिका के छठे अंक का विमोचन व स्नेह सम्मेलन भारती काम्पलेक्स मोतीबंगला मे रविवार को शाम 06 बजे अयोध्या से पधारे डॉ. अवधेश पाण्डेय व डॉ . शिवेन्द्र मिश्रा सीएमएचओ के आतिथ्य मे एवं पं. शरद शुक्ल की अध्यक्षता तथा विशेष अतिथि पं. आरके शुक्ल, पं. रामचन्द्र दुबे, संतश्री पवन मिश्रा इन्दौर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सर्व प्रथम भगवान परशुराम का पुजन कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। अतिथियो का परिचय मयंक शुक्ला ने दिया। अतिथियों द्वारा श्री कान्यकुब्ज पत्रिका का विमोचन किया गया। इसके पश्चात समाज के समाजसेवियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात आतिथ्य ब्रह्मभोज का आयोजन हुआ।समाज अध्यक्ष पं.धर्मेन्द्र मिश्रा को बिलासपुर के राष्ट्रीय अधिवेशन मे ब्राह्मण-रत्न से सम्मानित होने पर उन्हें समाज द्वारा अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक दिलीप मिश्रा, पं.मंयक शुक्ल,पं.रामकृष्ण शुक्ल, ने कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई।इनका हुआ सम्मानकार्यक्रम में इंदौर से पं. रामचन्द्र दुबे, पं.आर.के.शुक्ल, पं.गायत्री प्रसाद शुक्ल, पं.अभिजित त्रिपाठी, पं.चन्द्रप्रकाश दुबे, पं. शिवेन्द्र तिवारी, पं.रमेश पाण्डेय, पं.पवन मिश्रा, पं.दिनेश शुक्ल, पं.सुरेशचन्द्र द्विवेदी, पं. शैलेन्द्र जोशी का सम्मान किया गया। वही देवास से डॉ. शिवेन्द्र मिश्रा, डॉ. करूणा पाण्डेय, डॉ. प्रतिभा शर्मा, पं.अश्वीन दुबे, पं.शरद शुक्ल, पं.अनिल मिश्र, पं.संजय शुक्ल, पं.संजय दुबे, पं.रितेश त्रिपाठी, पं.आर.पी.मिश्रा, पं.जितेन्द्र तिवारी, पं.महेन्द्र स्थापक, पं. रामकृष्ण शुक्ल, पं.प्रशान्त उपाध्याय, पं.ओ.पी.तिवारी, धार से पं.सुनिल तिवारी, अर्चना दुबे, बडवाह से पं.रवि शुक्ला को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष पं.धर्मेन्द्र मिश्रा ने किया तथा आभार पं. अनिल मिश्रा ने माना।

## जल गंगा संवर्धन अभियान समापन पर नगर में हुए आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापडा

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लगातार नगर में नप करनावद व्दारा अनेक गतिविधियां आयोजित की गई, जिस दौरान जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण सहित स्वच्छता अभियान पर भी काम किया गया। रविवार के दिन जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नप अध्यक्ष परसराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, सीएमओ मुरली राठौर की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों व्दारा कर्णेश्वर महादेव का पुजन किया गया, जिसके पश्चात मंच से नगर परिषद द्वारा किए गए कामों व योजना के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान रात्रि में मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन कर दीप प्रज्वलित किए गए। आयोजन में नगर के वरिष्ठजन सहित नप कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### आचार्य समय सागर को श्रीफल भेंट किया



**आष्टा।** रविवार 16 जून को आष्टा मुनि सेवा समिति द्वारा धार्मिक नगरी आष्टा में चातुर्मास के लिए आचार्य भगवंत समय सागर महाराज से कुंडलपुर पहुंच कर श्रीफल भेंट कर विनती की। मुनि सेवा समिति अध्यक्ष संदीप जैन नीलबड़ के नेतृत्व में दिगंबर जैन पंचायत समिति के सदस्य आयुष अमन जैन एडवोकेट, विकास जैन मंडी ,राहुल जैन अजमेरा ,अक्षय जैन आदिनाथ ,अरिहंत जैन, मुनि सेवा समिति के प्रवक्ता नितिन जैन साई कॉलोनी, पंकज जैन, मनीष जैन, विकास जैन, मोहित जैन, भारत जैन ,संदेश जैन, मयंक जैन, सौरभ जैन आदिनाथ, आयुष जैन , संदेश जैन किला सहित गौरव जैन आदि ने कुंडलपुर पहुंच कर आचार्य भगवंत समय सागर महाराज से आष्टा चातुर्मास हेतु विनती की। आचार्य भगवंत ने मुस्कुराते हुए आशीर्वाद प्रतिनिधि मंडल को दिया।

### ओवरलोड वाहनों से यातायात प्रभावित

**सीहोर।** इन दिनों ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहनों से ओवर लोड भरकर लोहा, सरिया, पाइप ले जाए जा रहे हैं। जो वाहन से दस फीट तक बाहर लटकते हैं। उक्त वाहन से बाहर लटकते सरिए, पाइप आदि में कोई संकेत नहीं लगा रहता है। जिसके कारण पीछे आ रहे वाहन को नहीं दिख पाता है। खासकर रात के समय पीछे से वाहन टकरा जाता है। जिससे दुर्घटना होती रहती हैं। वाहन के क्षमता से अधिक सामग्री ढोई जा रही है। वो भी अस्त व्यस्त तरीके से वाहन से कभी कभी सही नही बांधने के कारण पाइप नीचे गिर जाते हैं। हालांकि कोई दुर्घटना नहीं घटी फिर भी ऐसे वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए।

## नए वाहनों की विधायक और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने की पूजा-अर्चना

# नपा स्तर पर बुनियादी ढांचे से जुड़ी हर जरूरत को पूरा किया जाएगा: विधायक

नगरपालिका द्वारा क्रय किए गए वेक्यूप मशीन सहित दो अत्याधुनिक ट्रैक्टरों का जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



किसी मनुष्य द्वारा त्याग किए गए मलमूत्र की साफ-सफाई के लिए व्यक्ति विशेष को नियुक्त करने की व्यवस्था सर्वथा अमानवीय है। और इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए महात्मा गांधी समेत तमाम महापुरुषों ने समय-समय पर प्रयास किए। यह व्यवस्था न सिर्फ निजी बल्कि सरकारी प्रतिष्ठानों में भी अपनी जड़ें जमाए रही। अब जबकि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के जरिए साफ-सफाई पर जोर-शोर से चर्चा हो रही है, जरूरी है कि इस अमानवीय पेशे के उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं। इस आशय के विचार नगरपालिका द्वारा क्रय किए गए वेक्यूप मशीन सहित दो अत्याधुनिक ट्रेक्टरों का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने व्यक्त किए।

विधायक श्री इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार बनते ही संपूर्ण भारत भर में 2 अक्टूबर 2014 से अभी तक स्वच्छ भारत अभियान की पहल की है। सरकार चाहती है कि इसमें सभी लोग पूरी लगन और निष्ठा से शामिल हों, लेकिन इससे ज्यादा जरूरी है, मैला ढोने की सदियों पुरानी अमानवीय और अपमानजनक प्रथा को खत्म करना। इसी के चलते हमारा प्रयास है कि नगरपालिका स्तर पर बुनियादी ढांचे से जुड़ी हर जरूरत को मुहैया कराया जाना। विशेष अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को केवल सफाई के मुद्दों से जोड़ने की जगह मानव की गरिमा पर केंद्रित किया जाना चाहिए। नगरपालिका द्वारा एक्युपमेंट जिसके माध्यम से शौचालयों से मल निकालने का कार्य किया जाता है, से वर्षो से वंचित थी।

परिषद के प्रयास से एक नही दो-दो एक्युपमेंट मशीन टेंकर और ट्रेक्टर सहित नगर के नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से क्रय की गई है। कार्य की अत्याधिकता होने के कारण नगरपालिका को किराये से ट्रेक्टर लेना पड़ते थे, अब निकाय के पास दो नवीन ट्रेक्टर उपलब्ध होने से अब किराये से ट्रेक्टर नही लेना पड़ेगा। ट्रेक्टर के शुभारंभ के पश्चात् कन्नौद रोड़ स्थित पार्क पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से दर्जनों पौधों का रोपण किया गया। वहीं पार्क में मनोरंजन कर रहे नन्नें बच्चों के साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा बल्ले और गेंद के साथ दो-दो हाथ भी किए। इस अवसर पर प्रभारी सीएमओ एवं उपयंत्री प्रमोदकुमार साहू, पार्षद डॉ. सलीम, तेजसिंह राठौर, कमलेश जैन, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, शेख रईस, कालू भट्ट, तारा कटारिया, रवि शर्मा, कृपालसिंह पटाड़ा, कमल ताम्रकार, महेन्द्रसिंह ठाकुर, वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, रमेश यादव, विनोद सांगते, आशीष बैरागी, मनीष किल्लौदिया, विनोद रतिराम, लखन डूमाने, राकेश प्रजापति, गबू प्रजापति, कैलाश माली, शिव बागवान सहित अन्य नागरिकगण, नपा कर्मचारीगण मौजूद थे।

### माता मंदिर पर कन्या भोज का हुआ आयोजन



**जावर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गंगा दसमी पर्व पर नगर के प्राचीन मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर में शनिवार सुबह कन्या भोज का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया गया। शनिवार की सुबह मां महिषासुर मर्दिनी माता का विशेष अभिषेक व श्रृंगार कर आरती की गई, इसके बाद कन्या भोज प्रारंभ किया गया जिसमें नगर के अन्नपूर्णा नगर, अम्बिका नगर,नाईपुरा, मालीपुरा,मोगियापुरा, हास्पिटल चौराहा, आनन्दनगर, खत्री मोहल्ला, पटेल पुरा,पिपली बाजार,गंजपुरा, भावसार मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला, महावीर मार्ग आदि स्थानों से अधिक संख्या में छोटी-छोटी बालिकाओं ने कन्या भोज कार्यक्रम में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## श्यामपुर पुलिस ने कांबिंग गश्त के दौरान की कार्रवाई

**पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार**



**श्यामपुर।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

श्मयापुर पुलिस द्वारा एक सप्ताह मे की दो बार कोंबिग गशत कर कुल 11 वारंटीगणो को गिरफ्तार किया गया। विशेष पुलिस महानिदेशक अपराध अनुसंधान विभाग पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश के पालन में, पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग के निर्देशन व अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग सीहोर पूजा शर्मा के मार्गदर्शन मे थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा कोंबिंग गशत कर कई वर्षों से विभिन्न धाराओं के अपराधों मे फरार 2 स्थाई एवं 3 गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।

15 और 16 जून की रात्रि मे थाना प्रभारी निरीक्षक संध्या मिश्रा के निर्देशानुसार टीम बनाकर कोंबिंग गस्त की गई। दौराने कोंबिंग गस्त थाना श्यामपुर क्षेत्र के (01) माननीय द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधिस कुटुम्ब न्यायालय भोपाल के एम.जे.सी.आर नंबर 34/23 धारा 125(3) द.प्र.सं. में फरारी गिरफ्तारी वारंटी हनीफ खाँ पिता अनीस खाँ आयु 35 साल निवासी ग्राम मुख्त्यारनगर थाना श्यामपुर (02) एम.जे.सी.आर नंबर 124/23 धारा 125 द.प्र.सं. में गिरफ्तारी वारंटी अनवर अली पिता मेहरबान अली आयु 32 साल निवासी कोली मोहल्ला श्यामपुर 3. जे.एम.एफ.सी न्यायालय सीहोर के आरटी नंबर 46/15 धारा 138 एन.आई.एक्ट में स्थाई वारंटी मथराप्रसाद पिता रामचरण मीणा आयु 35 साल निवासी ग्राम घाटपलासी थाना श्यामपुर, (4) जे.एम.एफ.सी न्यायालय सीहोर के प्रकरण क्रमांक 204/17 धारा 138 एन.आई.एक्ट में स्थाई वारंटी अनीस अहमद पिता पीर अहमद आयु 39 साल निवासी छापरी थाना दोराहा 5. जे.एम.एफ.सी न्यायालय सीहोर के प्रकरण क्रमांक 593/22 धारा 138 एन.आई .एक्ट में वारंटी मोहन पता दरियाव सिंह बंजारा आयु 25 साल निवासी ग्राम रायपुर थाना श्यामपुर को गिरफ्तार किया गया है जिन्हे माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी श्यामपुर निरीक्षक संध्या मिश्रा, उपनिरीक्षक रामबाबू राठोर,उनि. राकेश शर्मा, उनि अवनीष मौर्य, प्रआर 54 महेश कुमार, प्र.आरक्षक 474 प्रेमसिंह यादव, आरक्षक 753 पवन राजपूत,आरक्षक 463 अमित नागर, आरक्षक 771 महेश मीणा,आर 284 राजेश राजपूत, आर. 866 लोकेन्द्र दांगी, आरक्षक 670 हिम्मत सिंह, सैनिक 321 उमेश गुदैन,सै 276 महिपाल सिंह, सैनिक 369 सीताराम वर्मा की सराहनीय भूमिका रही है ।

## नगर परिषद ने नेवज नदी के पिचिंग निर्माण में घटिया कार्यों का ही कर दिया लाखों रुपए का भुगतान: पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर परिषद जावर इन दिनों भ्रष्टाचार के मामले को लेकर चर्चाओं में बनी हुई है भ्रष्टाचार के इस मामले में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जावर शैलेश कुमार वैद्य द्वारा वर्तमान परिषद एवं अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे की अमृत योजना-2 के अंतर्गत जावर नगर की नेवज नदी के दोनों तरफ पत्थर पिचिंग कार्य चल रहा है जो की बहुत ही घटिया निर्माण कार्य हो रहा है पूर्व में बरसात आई थी और कई जगह से पत्थर खिसककर नदी में आ गिरे थे।

अब बरसात का मौसम प्रारंभ हो चुका है अब जब नदी में पानी पूर्ण वेग के साथ आएगा और तेज बरसात होगी तब क्या स्थिति निर्मित होगी यह सभी नगरवासी जानते हैं अब इस मामले में एक और नया मोड़ सामने आ चुका है उक्त घटिया कार्यों में ही परिषद एवं अधिकारियों की मिली भगत से लाखों रुपए का भुगतान भी ठेकेदार को कर दिया गया पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने कहा कि जब कार्य पूर्ण ही नहीं हुआ और जो कार्य हुआ वह घटिया एवं गुणवत्ताहीन है तो फिर भुगतान कैसे संभव है लेकिन फिर भी अधिकारियों एवं परिषद की मिली भगत से लाखों



रुपए की राशि भुगतान कर यह भ्रष्टाचार किया गया है वैद्य ने पूर्व में इसकी शिकायत लोकायुक्त में एवं नगरी निकाय के वरिष्ठ अधिकारियों को भी की है उक्त मामले में जल्द ही बड़ी कार्रवाई होने की संभावना है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन में किया लोगों ने पौधरोपण, चलाया सफाई अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार एवं जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय, विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन दिवस पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लोरास कलां द्वारा कुएं की साफ सफाई की गई। इसी के साथ ही देवस्थान के पास पर्यावरण को हरा-भरा करने पौधे लगाए। पौधरोपण कर जन्मदिन और विवाह वर्षगांठ आदि अवसरों पर नियमित रूप से पौधरोपण करने व पौधों की देखभाल करने की शपथ ली। इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रभारी महेश चंदेल एवं सेक्टर सह प्रभारी परामर्श दाता देवकरण प्रजापति, मोहन मेवाड़ा एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मार्टिनेट विद्यालय ने कार्यक्रम कर प्रतिभाओं का किया सम्मान

# बच्चों को निखारने का कार्य कर रहा विद्यालय: विधायक






हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय मार्टिनेट कान्वेन्ट उमावि आष्टा ने जिला मेरिट मे आये विद्यार्थियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विद्यायक गोपालसिंह इंजीनियर, एवं जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर, नगरपालिका अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अतुल शर्मा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत, संस्था संचालक नोशे खान प्रबंधक विनीत त्रिवेदी व प्राचार्य नेहा तिवारी, पत्रकार बन्धु, सरपंच द्वारा कक्षा 12वीं की जिला मेरिट मे द्वितीय स्थान तस्मियॉ सिद्धीकी व कक्षा 10वीं के आयुष जाटव को कम्प्यूटर प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने माँ सरस्वती पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके पश्चात विद्यालय की संगीत शिक्षिका प्रांजल गुठानिया द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत द्वारा प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात संस्था के प्रबंधक विनीत त्रिवेदी द्वारा संस्था संचालक नोशे खान एवं सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ व स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्रबंधक विनीत त्रिवेदी द्वारा 1998 से 2024 तक विद्यालय द्वारा किया गया संघर्ष व विद्यार्थियों द्वारा जिला मेरिट मे आये स्थान का सिलसिले वार ब्योरा देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में अतुल शर्मा ने बताया कि आज हमे वह विद्यालय के दिन याद आ गये। इस अवसर पर रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि अलीपुर क्षेत्र मे मेरा भी स्कूल था पर मार्टिनेट विद्यालय ने लगातार संघर्ष करते हुए इस उंचाई पर पहुंचा है। मै विद्यालय की इस सफलता पर मार्टिनेट परिवार को बधाई देता हूॅ।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि गोपालसिंह इंजीनियर ने संघर्ष की कहानी बताते हुए बताया कि मार्टिनेट विद्यालय ने कक्षा 12वीं मे कुल 33 विद्यार्थी परीक्षा मे बैठे व मप्रशासन की योजना मे लगभग 15 विद्यार्थी शामिल हो रहे है यह विद्यालय की लगातार निष्ठा बताती है कि मार्टिनेट विद्यालय बच्चों को निखारने का किस ढंग से कार्य कर रहा है विद्यालय की इस सफलता पर मैं संस्था के संचालक नोशे खान प्रबंधक विनीत त्रिवेदी व प्राचार्य नेहा तिवारी व उन शिक्षकों के योगदान को तहेदिल से मानता हॅू, तथा बोले जब भी विद्यालय को मेरी आवश्यकता होगी मैं तत्पर खड़ा रहूंगा । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये अन्य विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा संस्था मेरिट में आने वाले सभी शिक्षको अतुल सुराणा, सुल्ताना अली, अशोक महेश्वरी, संदीप यादव, शिखा तिवारी, शालिनी शर्मा, निखिल खत्री, जी.डी. बैरागी का माननीय विधायक द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किरण रांका, धनंजय जाट, कमल पांचाल, गणेश दुबे, नवीन शर्मा, राजेन्द्र सिंह मेवाड़ा सरपंच, सादिक भाई सरपंच ग्राम बरखेड़ा, दीपक सरपंच ग्राम पगरियाराम, राहुल ठाकुर सरपंच ग्राम चाचरसी मालीपुरा अन्यअतिथि कन्हैयालाल गेहलोत जनशिक्षक ज्ञानसिंह मेवाड़ा और प्रायवेट कोचिंग संचालक जगदीश मेवाड़ा, प्रायवेट स्कूल संचालक भोलूसिंह ठाकुर, रामशंकर झा, सुनील शर्मा, मनीष सोनी, बीएल मालवीय, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, रामजी यादव, ज्ञानसिंह ठाकुर, जितेन्द्र ठाकुर व अधिक संख्या पालक, अभिभावक उपस्थित थे।

## अन्नपूर्णा विरक्त आश्रम में हुआ धूनी पूर्णाहुति कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पार्वती तट स्थित अन्नपूर्णा विरक्त आश्रम में गंगा दशहरे के पावन अवसर कन्या भोज और धूनी पूर्णाहुति कार्यक्रम हुआ।

आश्रम महंत 1008 महंत दीपक दास त्यागी और उनके कृपापात्र शिष्य राम भूषण दास त्यागी धूनी तपस्या कर रहे थे। विदित रहे कि धूनी में प्रतिदिन डेढ़ घंटे तक गोमाता के कंडो बीच में बैठकर तपस्या करते हैं। इस भीषण गर्मी में भी साधना निरंतर जारी रही। 4 महीने अधिक समय चलने वाली धूनी तपस्या बसंत पंचमी से आरंभ होकर गंगा दशहरे पर पूर्णाहूति होती हैं।

## जालपा मंदिर की छोटी दानपेटी के ताले भी चोरों ने तोड़कर राशि चुराई

# एसएफ जवानों की सुरक्षा के बीच चोरों ने जालपा धाम की दानपेटियां चटकाईं

### हनुमान मंदिर की दानपेटी का चढ़ावा निकालकर बदमाशों ने पहाड़ी पर फेंक दी पेटी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इन दिनों क्षेत्र के मंदिर चोरों के निशाने पर हैं। नगर के एसी वाले हनुमान मंदिर, खोयरी महादेव मंदिर व अन्य मंदिरों में हुई चोरियों की पड़ताल में जुटी पुलिस को चोरों ने फिर से एक ओर बड़ी टास्क दे डाली। शनिवार-रविवार की मध्य-रात्रि चोरों ने क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध मां जालपा शक्तिपीठ को निशाना बनाया। चोर शक्तिपीठ के हनुमान मंदिर और जालपा मंदिर की दानपेटियों को चटकाकर भक्तों द्वारा चढ़ाया गई दानराशि को चुरा ले गए। हैरत की बात यह है कि जालपा मंदिर पर एसएफ के जवानों की एक-तीन की गार्ड की तैनाती के बावजूद चोरों ने कृत्य को अंजाम दिया। इस घटना ने जवानों की मुस्तैद चैकसी को कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है।

चोरी की सूचना के बाद रात्रि में ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों एवं मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने सीसीटीवी खंगाले। इन सीसीटीवी में बदमाशों की कुछ तस्वीरें आई हैं लेकिन वे स्पष्ट नहीं हैं। कोतवाली टीआई वीरसिंह ठाकुर के अनुसार चोर आसपास के ग्रामों के हो सकते हैं।

#### पहले हनुमान मंदिर पर बोला धावा

चोरों ने सबसे पहले जालपा मंदिर के पहले स्थित हनुमान मंदिर को अपना निशाना बनाया। रात्रि में यहां काफी सुनसान रहता है। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने मंदिर की दानपेटी के ताले तोड़े। पेटी में रखे पूरे चढ़ावे को चुराया और फिर पेटी को मंदिर के ठीक सामने पहाड़ी पर फेंक दिया।

#### बड़ी पेटी को छोड़कर छोटी दानपेटी का चढ़ावा चुराया

हनुमान मंदिर में वारदात को अंजाम देने के बाद भी चोर नहीं रुके। वे जालपा मंदिर के मुख्य गेट पर रखी बड़ी दानपेटी को तोड़ने के प्रयास में थे पर कामयाब नहीं हुए। फिर बदमाशों ने छोटी दानपेटी को किसी तरह उठाया और मंदिर के पीछे के खुले क्षेत्र में उसे ले गए। यहां बदमाषों ने दानपेटी के लॉकर, ताले खोले और पूरी दानराषि चुरा ली। हड़बड़ी में चोर दानपेटी में कुछ चिल्लर व कुछ नोटों को और पेटी को मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। यह पूरी घटना रात्रि करीब 2.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है।

#### पिछली बार पेटियां खोलने पर निकले थे 1 लाख 65 हजार

मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारी राजेंद्र विजयवर्गीय ने बताया कि हनुमान मंदिर की दानपेटी महीने, सवा महीने में एक बार खोली जाती थी। इसी तरह जालपा मंदिर की छोटी दानपेटी को भी महीने या सवा महीने में खोला जाता था। पिछली बार जब ये पेटियां खोली गई थी तो करीब 1 लाख 65 हजार का चढ़ावा इनमें निकला था।

#### इनका कहना है...

पिछली बार जब दानपेटियां खोली थी तो उनमें 1 लाख 65 हजार का चढ़ावा निकला था। लगभग इतना ही चढ़ावा दोनों पेटियों में होगा। महीने, सवा महीने में पेटियां खोली जाती हैं।

**- राजेंद्र विजयवर्गीय,**
ट्रस्ट पदाधिकारी, जालपा मंदिर, राजगढ़

यहां तैनात एसएफ जवानों की मुस्तैदी में कमी भी चोरी की वजह है। हमने सीसीटीवी देखने के साथ ही अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया है। जल्द चोरी का खुलासा करने हम हर स्तर से प्रयास कर रहे हैं।

**- वीरसिंह ठाकुर,**
टीआई, थाना कोतवाली, राजगढ़

# कालापीपल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेवर किए बरामद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

25 मई को फरियादी आशीष पिता शंकर लाल परमार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम मांडलाखेड़ी ने थाना कालीपीपल पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व नकदी रुपए चोरी करने की रिपोर्ट पर थाना में पंजीबद्ध करके विवेचना में लिया गया। फरियादी वरेन्द्र सिंह पिता मोरसिंह राठौड़ उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम खमलाय द्वारा थाना कालीपीपल पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई की 26 मई की रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा घर का ताला तोड़कर घर में घूसकर सोने चांदी के जेवरात व नकदी रुपए चोरी की रिपोर्ट पर थाना में अपराध पंजीबद्ध करके विवेचना में लिया गया।

थाना कालापीपल क्षेत्र में हाईवे से लगे गांवों में चोरी की दो बड़ी घटनाएं हुई थीं, जिसमें पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक टीएस बघेल शाजापुर द्वारा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पिंटू कुमार बघेल के मार्गदर्शन में चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने थाना प्रभारी कालीपीपल मनोहर सिंह जगत के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। गठित टीम ने अभियान के दौरान 13 जून को सचिन पिता राजेंद्र धार इंदर कंजर उम्र 30 वर्षीय निवासी कंजर डेरा पीपलरावा देवास को गिरफ्त में लेकर सोने चांदी के जेवराती जप्त कर आरोपी को न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त कर पुनः पेश किया जा रहा है एवं अन्य अपराधियों की तलाश की जा रही है। बरामद किए गए माल में ग्राम मांदलाखेड़ी से सोने का हार, बाजूबंद, मंगल सूत्र, अंगूठियां, लोंग चांदी की पायल, चांदी की बिछुड़ी एवं ग्राम खमलाय से एक रानी हार सोने का, कान के टैप्स, मंगलसूत्र सोने का मोती सहित अंगूठी, पायजब चांदी, कान के झुमके एवं अंगूठी को जब्त किया।

# पागल कुत्ते ने 10 साल के बच्चे सहित 5 लोगों को काटा, कुत्तों को पकड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



खोयरी रोड सहित पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में एक पागल कुत्ते ने आतंक मचाते हुए 10 साल के एक बालक सहित पांच लोगों को काटा है। रविवार के दिवस यह पांचों घटनाएं हुईं। कुत्ते के काटने से घायल लोगों को जिला अस्पताल लाया गया जहां सभी को प्राथमिक उपचार दिया गया है। जिन लोगों को कुत्ते ने काटकर लहुलुहान किया है उनमें प्रहलाद सिंह पंवार उम्र 58 वर्ष निवासी भंडारा गली, आकाष पिता बीरमसिंह 10 साल, रेखाबाई पत्नी मोतीलाल निवासी कलीखेड़ा, आकाश पिता बीरमसिंह उम्र 10 साल, परिधि पुत्री पर्वतसिंह उम्र 20 साल निवासी सेमलाबे, रिंकू पिता मोतीलाल निवासी कलीखेड़ा एवं राहुल पिता हरिप्रसाद उम्र 25 साल निवासी राजगढ़ शामिल हैं।

नगर में आए दिन कुत्तों के काटने की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में रहवासियों ने नपा से मांग की है कि शहर की सीमा से आवारा कुत्तों को पकड़कर अन्यत्र भिजवाने की व्यवस्था करवाई जाए। रहवासियों का कहना है कि बहुत छोटे बच्चे को अगर कुत्ते पकड़कर उठा ले गए तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।

# टेंडर व वर्कआर्डर के बाद भी ठेकेदार ने शुरू नहीं किया कार्य

### किशनगढ़ क्षेत्र की सड़क का मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नेवज नदी के समीप स्थित किशनगढ़ क्षेत्र के एक सड़क अर्से से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। गांव के ठीक नीचे की एक सड़क पर डामरीकरण कार्य होना है। बताया जा रहा है कि करीब 6 माह पूर्व टेंडर प्रक्रिया उपरान्त ठेकेदार को नगर पालिका ने वर्कआर्डर भी दे दिया।

इसके बाद भी ठेकेदार ने अब तक काम शुरू नहीं किया है। सडक अपनी पुरानी हालत में ही रहने से पिछले दिनों हुई बारिश से पूरा मार्ग कीचड़, पानी से लबरेज हो चुका है। पैदल राहगीरों के साथ ही बाईक चालकों को खासी परेषानियां इस मार्ग पर उठानी पड़ रही हैं। वार्ड पार्षद के.पी. पंवार ने बताया कि सड़क को बनवाना उनकी प्राथमिकता में है पर वार्ड के कुछ लोग ही प्राब्लम क्रिएट कर रहे हैं। इसके साथ ही निर्माण एजेंसी को भी वर्क आर्डर दे दिया गया है लेकिन वह काम शुरू नहीं कर रहे हैं।

## भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग



**खुजनेर।** एकादशी व्रत उद्घापन महिला मंडल खुजनेर द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा देव महाराज स्थान पर आयोजित हो रही है। कथा के छठे दिन कथावाचक पं. रामकृष्ण शास्त्री ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। प्रसंग में शास्त्री ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कर दिया सार्थक समावेश का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से 16 जून तक आयोजित किया गया। जिसका समापन रविवार को गंगा दशमी के अवसर पर हो गया। इसी क्रम में नगर में गंगा दशहरा के दिन गंगा आरती एवं पूजन कार्यक्रम विधायक हजारीलाल दांगी खिलचीपुर की उपस्थिति में स्थान कांकरिया रोड बालाजी मंदिर परिसर छापीहेड़ा में समपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवबाई भंवरलाल खटीक अध्यक्ष नगर परिषद ने की एवं मंचासीन अथिति के रूप में बालचंद दांगी स्वदेष शर्मा कैलाष पाटीदार राजेश टांक अमित झांझावत प्रवीण विसालिया थे। कार्यक्रम में बद्रीलाल रजक वासुदेव झांझावत बबलू जायसवाल वीरेन्द्र जैन प्रभुलाल तंवर रोड़मल कुशवाह नगर परिषद कर्मचारी बादल नरगावें पंकज शर्मा कुशालसिंह दांगी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सिद्ध बालाजी की पूजा आरती माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम में विधायक ने अपने विचार व्यक्त कर जल संरक्षण जल संर्वधन के महत्व पर प्रकाष डालते हुए बताया कि प्राचीन समय में कुएं बावड़ी तालाबों को महत्व दिया जाकर संरक्षित रखा गया है। वर्तमान में आवष्यकता है कि सभी कुंआ बावड़ी तालाब एवं जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार साफ सफाई एवं मरम्मत का कार्य प्रमुखता से किया जाना चाहितए जिससे जल स्तर भी बढ़ेगा एवं नगर में सौन्दर्यकरण भी होगा साथ विधायक जी द्वारा सभी उपस्थित लोगों को वृक्षा रोपण के लिए प्रेरित किया एवं वृक्षारोपण करने के साथ ही उस वृक्ष की सुरक्षा करने का संकल्प दिलवाया इसके पष्चात कांकरिया बालाजी पर स्थित प्राचीन कुएं पर गंगा आरती पूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद कर्मचारी श्रीराम नागर ने किया एवं आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा ने व्यक्त किया।

### विधायक ट्रॉफी का समापन

# क्रिकेट के खेल में शरीर के सभी व्यायाम हो जाते हैं : विधायक

#### टाइगर 11 कुरावर ने जीता फाइनल मैच



**कुरावर।** नगर में शनिवार रात को नर्मदा मालवा बैंक के पीछे स्थित खेल मैदान में पिछली 31 मई से चल रही विधायक ट्रॉफी का समापन हुआ। फाइनल मैच का शुभारंभ क्षेत्र विधायक मोहन शर्मा ने बैटिंग कर एवं नगर परिषद अध्यक्ष बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने बॉलिंग कर किया। इससे पहले उन्होंने टाइगर 11 कुरावर एवं लसूल्या रामनाथ के 11 खिलाड़ियों से परिचय किया। उसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट खेल का रोमांच पूरे देश में है क्रिकेट खेल से शरीर के सारे व्यायाम हो जाते हैं। खेलकूद प्रतियोगिता का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इस ट्रॉफी का आयोजन बहुत ही सराहनीय रहा। नौजवानों इसमें काफी मेहनत की है साथी उन्होंने खिलाड़ियों की खेल मैदान की मांग को लेकर शीघ्र ही नगर वासियों को खेल मैदान उपलब्ध करने की बात भी कहीं तो वही नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने भी खेल मैदान के संबंध में खिलाड़ियों से लगातार प्रयास करने की बात कही उसके पश्चात फाइनल मैच में पहले कुरावर टाईगर 11 ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 95 रन का स्कोर खड़ा किया तो इसके जवाब में लसूल्या रामनाथ ने 10 ओवर में 79 रन ही बना पाई और 17 रन से टाइगर इलेवन ने फाइनल मैच जीत लिया। मैच खत्म होने के बाद विजेता टीम को क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा की ओर से विजेता ट्रॉफी 51000 का नगद पुरस्कार दिया गया। वहीं उपविजेता टीम को ट्रॉफी और 25000 रुपए का नगद पुरस्कार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी की ओर से दिया गया। वहीं मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर ,बेस्ट अंपायर, बेस्ट कामेंटर आदि पुरस्कार अतिथि द्वारा दिए गए।

### गंगा दशहरा पर कपिलेश्वर प्रांगण सहित कालीसिंध नदी की सफाई की

# राज्यमंत्री, नपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा के पर्व पर सारंगपुर के प्रसिद्ध तीर्थ धाम कपिलेश्वर प्रांगण सहित मां कालीसिंध नदी की सफाई की। इस दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी एवं आमजनता से अपील करते हुए कहा कि हमारे नगर के देवालय एवं कुआं बावड़ी का संरक्षण करना हम सबका कर्तव्य है। यह पुनीत कार्य हम सब की भागीदारी से ही संपन्न हो सकता है। ऐसे कार्य में हमेशा आपके साथ हूं। इसके पूर्व नदी की साफ सफाई करने स्वयं मंत्री टेटवाल नदी में उतरे उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं भाजपा नेता निर्मल जैन नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा भाजपा पार्षद के साथ नगर पालिका सीएमओ एलएस डोडिया जन अभियान परिषद के बद्रीलाल बामनिया सहित भाजपा कार्यकर्ता पर्यावरण प्रेमीदल कपिलेश्वर तीर्थ विकास समिति नगर पालिका सफाई निरीक्षक सतीश कडारे एवं सफाई अमला सफाई अभियान में जुटे रहे। नगर में बड़े पैमाने पर कालीसिंन्ध नदी की सफाई की गई श्रद्धालुओं ने इस अभियान में भी अपना योगदान दिया तथा मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं ने नगर की जीवनदायनी मां कालीसिंध की सफाई देखकर जन प्रतिनिधियों की सराहना की गई एवं लोगों ने बताया कि कृष्ण सिंधु मां काली सिंध नदी की सफाई इसी तरह से होती रहे तो नगर में स्वच्छता का वातावरण निर्मित होता रहेगा।

#### घाट पर दिखी स्वच्छता की रौनक की रोनक

*नगर पालिका सारंगपुर के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कपिलेश्वर तीर्थ धाम के घाट स्वच्छता की झलक परोस रहे थे घाट पर ही राज्य मंत्री टेटवाल ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि हमेशा ही इस तरह से हम सफाई करते रहे तो तीर्थ धाम पर स्वच्छता की अलख जगती रहेगी। इस दौरान उन्होंने नगर के समस्त देवालयों को भी स्वच्छ बनाने का संकल्प दिलाया साथ ही प्रत्येक व्यक्ति से अवगत कर कहा कि वह वृक्षारोपण जरूर करें हर घर में तुलसी का वृक्ष अपने गमले में जरूर लगाए जिस घर के सामने जगह हो वह पीपल का पेड़ लगाए। जल गंगा संवर्धन अभियान के बाद राज्य मंत्री टेटवाल एवं नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने तीर्थ धाम प्रांगण पर पौधारोपण भी किया इसके बाद कपिलेश्वर गौशाला में संत पवन दास जी महाराज का आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता सहित सामाजिक कार्यकर्ता,शासकीय कर्मचारी मौजूद रहे।*

# श्रेष्ठ संस्कारों से ही श्रेष्ठ संसार का निर्माण संभव : ब्रह्माकुमारी सुमित्रा

### सात दिवसीय श्रीमद् भगवत गीता प्रवचन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तलेन के तत्वावधान में यादव धर्मशाला में सप्त दिवसीय श्रीमद् भगवत गीता प्रवचन का आयोजन किया था। प्रवचन के सातवें दिन तलेन नगर के महानुभव द्वारा भगवान शिव की पूजा कर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ब्रह्माकुमारी सुमित्रा दीदी ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत को विश्वगुरु बनाना है, तो भारतवासियों को श्रेष्ठ संस्कार बनाने होंगे।

सारे विश्व की समस्त आत्माओं के प्रति भाईचारे का भाव जागृत करना होगा, तभी दुनिया हमें विश्व गुरु के रूप में स्वीकार करेगी। इसके लिए मैडिटेशन करना आवश्यक है। प्रतिदिन मेडिटेशन कर हम परमात्मा से दिव्य गुण और शक्तियां स्वयं में भरें। संसार की समस्त आत्माओं के लिए शुभ भावना, शुभकामना के श्रेष्ठ वाइब्रेशन फैलाएं।दीदी ने कहा कि 21 वीं सदी को स्वर्णिम सदी बनाना है, तो हमें सतयुगी देवी देवताओं की तरह अपने संस्कारों को भी श्रेष्ठ बनाना होगा। श्रेष्ठ संस्कारो से ही श्रेष्ठ संसार का निर्माण संभव है। खान-पान,रहन-सहन सात्विक बनाना होगा। वर्तमान समय हो रहे दुराचार, अत्याचार,पापाचार की सबसे बड़ी वजह नेगेटिव इनपुट है। इंद्रियों से निगेटिव इनपुट आ रहा है, इस वजह से हमारी कर्मेंद्रियों के द्वारा आउटपुट भी नेगेटिव हो रहा है। किसी भी दुराचारी व्यक्ति को सजा देकर डरा धमका कर सुधारा नहीं जा सकता है,उसे सुधारने का स्थाई समाधान है।ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने सभी से ज्ञान को जीवन में उतार रामराज्य की पुनर्स्थापना करने की बात कही।